Regarding need to provide adequate funds under Samagra Shiksha Abhiyan in Rajasthan-Laid

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : शिक्षा मंत्री जी का ध्यान मेरे राजस्थान में समग्र शिक्षा अभियान के तहत केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि में से 1200 करोड़ रूपये की कटौती करने से शैक्षणिक कार्यो पर पड़ने वाले नकारात्मक असर की तरफ आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूँ कि इस कटौती से न तो कोई साइंस लैब खुलेगी,न ही लाइब्रेरी खुलेगी साथ ही छात्राओं के लिए नई सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीने और खिलाड़ियों के लिए नए उपकरण भी ख़रीदे नहीं जा सकेंगे जिससे राजस्थान की सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी क्योंकि नए स्कूलो को खोलने व अपग्रेड करने, स्कूलो की मजबूती और सुदृढीकरण, फ्री युनिफोर्म,फ्री किताबे, कम्युनिटी मोबाइल, स्कूल ग्रांट,राष्ट्रीय आविष्कार अभियान,कस्तुरबा गांधी बालिका स्कूल जैसे मद में से भी बजट कटौती करना केंद्र की सरकारी स्कूलों के प्रति उदासीन रवैये को दर्शाता है, विगत वर्ष जहाँ यह बजट 7400 करोड़ रूपये था वहीँ केंद्र द्वारा बजट की कटौती के बाद राजस्थान सरकार ने 4800 करोड़ का ही प्रपोजल बना पाई है,एक तरफ जहाँ राजस्थान सरकार ने सैकड़ो सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत बजट की भारी कटौती की है, मेरी मांग है की यह कटौती नहीं की जाये ।

16.52 hrs